

# अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक की कलम से.........

एनएचपीसी NHPC

1 मई, 2022

*प्रिय साथियों,*

पूरे एनएचपीसी परिवार के लिए वह गौरवमय क्षण था, जब भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने 24 अप्रैल 2022 को केंद्र शासित प्रदेश जम्मू व कश्मीर में 850 मेगावाट की रतले जलविद्युत परियोजना और 540 मेगावाट की क्वार जलविद्युत परियोजना की आधारशिला रखी। इस अवसर के दौरान, मुझे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के साथ बातचीत करने और परियोजनाओं को पूरा करने के लिए समय सीमा के बारे में उनके प्रश्नों का उत्तर देने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

संगठन के लिए एक और शुभ समाचार यह है कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने 540 मेगावाट की क्वार जलविद्युत परियोजना को मंजूरी प्रदान कर दी है। यह परियोजना हमारी सहायक कंपनी चिनाब वैली पावर प्रोजेक्ट्स लिमिटेड (सीवीपीपीएल) द्वारा कार्यान्वित की जाएगी। सरकार को जलविद्युत परियोजनाओं को समय पर कार्यान्वित करने की हमारी क्षमताओं पर दृढ़ विश्वास है और अब हमारी परियोजनाओं के निर्माण में तेजी लाने की जिम्मेदारी हम सब पर है। हमें अपनी परियोजनाओं को समय सीमा के अनुसार पूरा करने पर ध्यान देना चाहिए और समय और लागत अधिक्य को रोकना चाहिए। हमें नवोन्मेषी विचारों, कार्यप्रणाली और सुझावों के साथ व्यक्तिगत स्तर पर पहल करनी चाहिए जो कंपनी के साथ–साथ राष्ट्र के लिए भी लाभदायक हो सकते हैं।

आपके अद्भुत समर्पण और संकल्प से, हम उत्कृष्टता की नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहे हैं। 2000 मेगावाट की सुबनसिरी लोअर परियोजना के लिए एक ऐतिहासिक क्षण में, देश की सबसे बड़ी क्षमता वाले हाइड्रोजेनरेटर (306 एमवीए) के रोटर को 14.04.2022 को सफलतापूर्वक उतारा गया। 11.45 मीटर के व्यास और लगभग 674 टन के लिफ्टिंग असेंबली भार के साथ, यह रोटर किसी भी भारतीय जलविद्युत परियोजना में अब तक का सबसे बड़ा उठाया गया उपकरण है। श्री आर. एम. राजेंद्रन, संयुक्त सचिव (हाइड्रो), विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के साथ मैंने इस ऐतिहासिक क्षण को देखा ।

दिनांक 14 से 17 अप्रैल, 2022 तक सुबनसिरी और दिबांग परियोजनाओं के दौरे के दौरान, मुझे पासीघाट (अरुणाचल प्रदेश) में श्री तापिर गाओ, माननीय सांसद, पूर्वी संसदीय क्षेत्र, अरुणाचल प्रदेश और श्री एलो लिबांग, माननीय मंत्री, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास, सामाजिक न्याय, अधिकारिता और जनजातीय मामले, अरुणाचल प्रदेश से मिलने का अवसर मिला। चर्चा सियांग बेसिन में जलविद्युत के विकास पर केंद्रित थी। मैंने 2700 मेगावाट की सियांग लोअर जलविद्युत परियोजना जिसे एनएचपीसी को आवंटन के लिए विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा चिह्नित किया गया है, के बांध, पावर हाउस और कॉलोनी साइट का भी दौरा किया। 2880 मेगावाट की दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना के अपने दौरे के दौरान, परियोजना की भावी योजना के संबंध में मेरी सार्थक चर्चा हुई।

इस माह की शुरुआत में, तीस्ता क्षेत्र (सिक्किम) के दौरे दौरान, मैंने श्री प्रेम सिंह तमांग, माननीय मुख्यमंत्री, सिक्किम से 2 अप्रैल 2022 को गंगटोक में मुलाकात की और राज्य में एनएचपीसी की पहल के लिए उनका सहयोग प्राप्त करने के लिए अनुरोध किया। इस बैठक के पश्चात, माननीय मुख्यमंत्री ने हमें 08.04.2022 को नई दिल्ली में अपने समक्ष उपस्थित होने का अवसर दिया। बैठक के दौरान, 500 मेगावाट की तीस्ता–VI परियोजना में किए जा रहे कार्यों की प्रगति और 520 मेगावाट की तीस्ता–IV परियोजना के लिए मंजूरी से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई। माननीय मुख्यमंत्री ने एनएचपीसी द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और एनएचपीसी को निरंतर सहयोग देने का आश्वासन दिया।

अधोहस्ताक्षरी ने श्री अमित कंसल, स्वतंत्र निदेशक, एनएचपीसी के साथ माननीय जल शक्ति मंत्री श्री गजेंद्र सिंह शेखावत से दिनांक 27.04.2022 को नई दिल्ली में मुलाकात की। भारत में पुराने बांधों के नवीनीकरण और पुनरूद्धार के लिए एनएचपीसी द्वारा परामर्शी सेवाएं देने के संबंध में माननीय मंत्री के साथ विचार–विमर्श किया गया।

संगठन के विकास के लिए नए विचार आवश्यक हैं। हमें नए युग के अवसरों के लिए बेहतर समाधान खोजने के लिए खुद को चुनौती देनी चाहिए। इसी को ध्यान में रखते हुए, दिनांक 29.04.2022 से 30.04.2022 तक कार्यपालक निदेशकों का एक सम्मेलन आयोजित किया गया था और मुझे इस सकारात्मक और सक्रिय चर्चा का हिस्सा बनकर बहुत खुशी हुई है। संगठन की प्रगति के लिए कई विचारों पर चर्चा की गई है।

**इस माह की अन्य मुख्य विशेषताएं हैं:**

- मैं 'जल एवं ऊर्जा सुरक्षा के लिए जलविद्युत और बांध का विकास – जलवायु परिवर्तन के तहत' अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का सहभागी था। अपने संबोधन के दौरान, मैंने देश में जलविद्युत विकास में आने वाली प्रमुख चुनौतियों पर प्रकाश डाला। इस सम्मेलन का आयोजन टीएचडीसी, सीबीआईपी और आईएनसीओएलडी (बड़े बांधों पर भारतीय समिति) द्वारा 7 से 9 अप्रैल 2022 तक ऋषिकेश में किया गया।

- भारत रत्न बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर जी की 131वीं जयंती एनएचपीसी के सभी कार्यस्थलों में मनाई गई। 18 अप्रैल 2022 को डॉ. आंबेडकर जी की जयंती के उपलक्ष्य में निगम मुख्यालय में आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत एक विशेष कार्यक्रम भी आयोजित किया गया था। श्री मुकुल कानिटकर, अखिल भारतीय संगठन मंत्री, भारतीय शिक्षण मंडल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

- नेपाल योजना आयोग के माननीय उपाध्यक्ष श्री बिसवो नाथ पौडेल ने 28.04.2022 को एनएचपीसी के निगम मुख्यालय का दौरा किया। हमारी हाल की पहलों और नेपाल में एनएचपीसी के लिए भावी नए व्यापार अवसरों के संबंध में सार्थक चर्चा हुई।

- एनएचपीसी को नई दिल्ली में ईक्यू पीवी इन्वेस्ट टेक इंडिया कॉन्फ्रेंस एंड अवार्ड्स के दौरान ईक्यू इंटरनेशनल द्वारा 13 अप्रैल 2022 को गोल्ड श्रेणी में ''पीएसयू डेवलपर ऑफ द ईयर'' पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

- अप्रैल, 2022 के दौरान कुल राजस्व संग्रह 295.90 करोड़ रुपए किया गया है।

एनएचपीसी पावर स्टेशनों ने चालू वित्त वर्ष के पहले माह में 2369.4 मि. यू. का विद्युत उत्पादन किया है। हम अपनी मशीनों को सुदृढ़ स्थिति में बनाए रखने का लाभ उठा रहे हैं और यह अच्छी पीएएफ संख्या में भी परिलक्षित हो रहा है। आप सभी को हार्दिक बधाई! इसी प्रकार अच्छा कार्य करते रहें।

मैं ईद–उल–फितर और बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर आपको और आपके परिवार को बधाई देता हूं।

आपका,

(ए. के. सिंह)
**अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक**



# FROM CMD's DESK

1st May, 2022

**Dear Colleague,**

In a proud moment for the entire NHPC family, Hon'ble Prime Minister of India Shri Narendra Modi ji on 24th of April 2022 laid the foundation stones of 850 MW Ratle Hydroelectric Project and 540 MW Kwar Hydroelectric Projects in UT of Jammu and Kashmir. During this occasion, I had the privilege of interacting with Hon'ble Prime Minister Shri Narendra Modi and address his queries about time frame for completing the projects.

In yet another great news for the organization, Cabinet Committee on Economic Affairs under the Chairmanship of Hon'ble Prime Minister Shri Narendra Modi ji has accorded approval to the 540 MW Kwar Hydroelectric Project. The project will be implemented by our subsidiary Chenab Valley Power Projects Ltd. (CVPPL). The government has great confidence in our abilities to timely implement hydropower projects and now the onus is on us to expedite the construction of our projects. We must concentrate on completing our projects as per schedule and prevent time and cost over-runs. We should take initiative at individual level to come up with innovative ideas, practices and suggestions that can be beneficial for the company as well as for the nation.

With your amazing dedication and resolve, we are attaining new heights of excellence. In a watershed moment for the 2000 MW Subansiri Lower Project, rotor of the country's largest capacity Hydrogenerator (306 MVA) was successfully lowered on 14.04.2022. With a diameter of 11.45 m and lifting assembly weight of approximately 674 tonnes, this rotor is the largest ever lifted device in any Indian hydroelectric project. I along with Shri R. M. Rajendran, Joint Secretary (Hydro), Ministry of Power, Govt. witnessed this momentous occasion.

I had the opportunity to meet Shri Tapir Gao, Hon'ble Member of Parliament, East Parliamentary Constituency, Arunachal Pradesh and Mr. Alo Libang, Hon'ble Minister, Health and Family Welfare, Social Welfare, Women and Child Development, Social Justice, Empowerment & Tribal Affairs, Govt. of Arunachal Pradesh at Pasighat (Arunachal Pradesh) during my visit to Subansiri & Dibang projects from 14th to 17th April 2022 and met. The discussions were focused on development of hydropower in Siang Basin. I also visited the dam, power house and colony site of 2700 MW Siang Lower Hydroelectric Project, which has been identified by the Ministry of Power, Government of India for allotment to NHPC. During my visit to 2880 MW Dibang Multipurpose Project, I had fruitful interactions regarding future planning of project.

During my visit to Teesta region (Sikkim) earlier this month, I met Sh. Prem Singh Tamang, Hon'ble Chief Minister of Sikkim at Gangtok on 02.04.2022 and requested for his support for NHPC's initiatives in the state. Subsequent to this meeting, Hon'ble Chief Minister was kind enough to give us an audience on 08.04.2022 at New Delhi. The progress of works at 500 MW Teesta-VI and issues related to clearance for the 520 MW Teesta-IV Project was discussed during the meeting. Hon'ble Chief Minister appreciated NHPC's efforts and assured of continued support to NHPC.

Undersigned alongwith Shri Amit Kansal, Independent Director, NHPC met Hon'ble Minister of Jal Shakti Sh. Gajendra Singh Shekhawat on 27.04.2022 at New Delhi. Discussions were held with the Hon'ble Minister regarding consultancy services by NHPC for Renovation and Rehabilitation of old Dams in India.

New ideas are essential for growth of the organization. We must challenge ourselves to find better solutions for the new age opportunities. With this in mind a conclave of Executive Directors was held from 29.04.2022 to 30.04.2022 and I was pleased to be part of very healthy and dynamic discussions. A lot of ideas for betterment of the organization have been discussed.

**Other highlights of the month are:**

- I was part of International Conference on 'Hydropower and Dams Development for Water and Energy Security - Under Climate Change'. During my address I highlighted the key challenges being facing Hydropower development in the country. The conference was organized by THDC, CBIP and INCOLD (Indian Committee on Large Dams) at Rishikesh from $7^{th}$ - $9^{th}$ April 2022.
- The $131^{st}$ birth anniversary of Bharat Ratna Babasaheb Dr. Bhimrao Ambedkar was observed across all NHPC locations. A special programme under Azadi Ka Amrit Mahotsav was also organized at Corporate Office to commemorate the birth anniversary of Dr. Ambedkar on $18^{th}$ April 2022 wherein Shri Mukul Kanitkar, National Organizing Secretary, Bharatiya Shikshan Mandal graced the occasion as Chief Guest.
- Sh. Biswo Nath Poudel Hon'ble Vice Chairman of Nepal Planning Commission visited NHPC Corporate Office on 28.04.2022. Fruitful discussions were held regarding our recent initiatives and for further new business opportunities for NHPC in Nepal.
- NHPC was conferred with “PSU developer of the Year" award in Gold Category on $13^{th}$ April 2022 by EQ International during EQ's PV Invest Tech India Conference & Awards at New Delhi.
- The total revenue collection during the month of April 2022, was Rs. 295.90 crore.

NHPC power stations have generated 2369.4 MUs in the first month of current FY. We are reaping the benefits of maintaining our machines in healthy conditions and the same is also reflecting in good PAF numbers. Congratulations to you all! Keep up the good work.

I convey my greetings to you and your family on the auspicious occasions of Eid-ul-Fitr and Buddh Purnima.

**Sincerely yours,**

**(A. K. Singh)**
**Chairman & Managing Director**